न्यूज़ बुलेटिन :

# सन्मार्ग


वर्ष–1 अंक–1

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

मासिक – जुलाई, अगस्त और सितम्बर, 2022


## कालीचरण पी०जी० कॉलेज

हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003
(लखनऊ विश्वविद्यालय)

### सत्र का उद्देश्य

- पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- 100 % परिणाम

## Inside This Issue


Faculty Achievements

Knowledge Enrichment

Hindi Pakhawada

Students Activities


### सम्पादकीय


सम्पादक

राजीव यादव

उप–सम्पादक

नितिन कुमार सिंह

सहयोग

पुष्पेन्द्र कुमार


### प्राचार्य की कलम से

मुझे प्रसन्नता है कि महाविद्यालय परिवार द्वारा सितम्बर माह से ऑनलाइन प्रकाशित होने वाली न्यूज बुलेटिन 'सन्मार्ग' का पहला अंक आपके सामने है। इसमें प्रत्येक माह प्राध्यापकों द्वारा किया गया शैक्षणिक कार्य, उनकी अकादमिक उपलब्धियाँ और छात्रों की अकादमिक गतिविधियों का विवरण है। अकादमिक गतिविधियों के माध्यम से ही किसी महाविद्यालय की दिशा तय होती है। ये गतिविधियाँ ही महाविद्यालय को जीवंत बनाती हैं। जीवंतता ही एक सभ्य समाज के निर्माण की निशानी है। मुझे आशा है कि न्यूज बुलेटिन 'सन्मार्ग' निरंतर प्रकाशित होती रहेगी और नई ऊँचाईयों को प्राप्त करेगी।

प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

### KNOWLEDGE ENRICHMENT

- शिक्षाशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर अनीता आर्या और डॉ0 मंजूषा अवस्थी ने 01.08.2022 को लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा पी0जी0 फैकेल्टी ओरिएन्टेशन प्रोग्राम में सफलता पूर्वक भाग लिया।
- शिक्षाशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 अल्का द्विवेदी ने HRDC, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 15 दिवसीय रिफ्रेसर कोर्स (17.08.2022 से 31.08.2022) में भाग लिया।
- समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर राजकुमार सिंह Teaching Learning Centre, Ramanujan College द्वारा आयोजित 4 week Induction/Orientation Programme में सफलता पूर्वक भाग लिया (21.08.2022 से 19.09.2022)
- 6 सितम्बर, 2022 को महाविद्यालय में प्रो0 जी0सी0 त्रिपाठी द्वारा (अध्यक्ष उच्च शिक्षा परिषद उ0प्र0) "राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 : उच्च शिक्षा में क्रियान्वयन एवं चुनौतियाँ" विषय पर विशेष व्याख्यान दिया गया।
- 7 सितम्बर, 2022 समाजशास्त्र–विभाग द्वारा "21वीं सदी में शिक्षक–छात्र सम्बन्ध" विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



- कालीचरण महाविद्यालय से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 मो0 तनवीर, डॉ0 मोनिका यागनिक, विशाल गर्ग, द्वारा I.Q.A.C. लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित Research Methedology and Data Analysis से सम्बंधित "Promoting Quality in Research" विषय पर साप्ताहिक (19 सितम्बर से 24 सितम्बर 2022) तक वर्कशाप में प्रतिभाग किया गया।
- कालीचरण महाविद्यालय से प्रो0 मीना कुमारी, प्रो0 अर्चना मिश्रा, डॉ0 मो0 तनवीर, राजीव यादव, डॉ0 अरूण कु्मार यादव, डॉ0 अनीता आर्या ने NAAC तथा I.Q.A.C कमेटी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, राजकीय महिला महाविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित "NAAC and CAS in Higher Education: Challenges and Solutions" विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय वर्कशाप में प्रतिभाग किया गया। (25.08.2022 से 27.08.2022)
- कालीचरण महाविद्यालय से प्रो0 मीना कुमारी, प्रो0 अर्चना मिश्रा, डॉ0 अल्का द्विवेदी, डॉ0 राजकुमार सिंह ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, राजकीय महिला महाविद्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित "Bharat Ratna Atal Bihari Vajpayee : An Immortal Herald of Humanity Nationalism and Policies" विषय पर दो दिवसीय सेमिनार में प्रतिभाग किया। (24.09.2022 से 25.09.2022)

महाविद्यालय द्वारा पहली बार शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षाशास्त्र विभाग की डॉ0 अल्का द्विवेदी, हिन्दी विभाग के श्री नितिन कुमार सिंह और वाणिज्य विभाग के डॉ0 प्रितीश चन्द्र वैश्य को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। (05.09.2022)




महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने, राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय, जौनपुर में 'अंतराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस' पर मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। (16.09.2022)









दिनांक 17.09.2022 को कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 72वें जन्म–दिवस के उपलक्ष्य में 'विविधता में एकता' विषय पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति और सेवा योजना की चारों इकाईयों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में लोक नृत्य, नाटक और गायन के द्वारा महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने 'विविधता में एकता' विषय की सफल प्रस्तुति की।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय, सांस्कृतिक समिति की समन्वयक डॉ0 अल्का द्विवेदी एवं समस्त प्राध्यापकगण और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## FACULTY ACHIEVEMENTS

- 26 व 27 जुलाई 2022 को हिन्दी विभाग के डॉ0 अरूण कुमार यादव द्वारा उत्तर–प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ और बुद्ध विद्यापीठ महाविद्यालय नौगढ़, सिद्धार्थनगर के संयुक्त तत्त्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में स्वतंत्रता आंदोलन और हिन्दी पत्रकारिता विषय पर अपना वक्तव्य दिया गया।




- दिनांक 23.08.2022 को महाविद्यालय के तीन सह–आचार्यों डॉ0 मीना कुमारी, डॉ0 विश्वनाथ मिश्र और डॉ0 अर्चना मिश्रा की आचार्य पद पर प्रोन्नति हुई।
- महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, लखनऊ में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। (29.08.2022)

# STUDENTS ACHIEVEMENTS/ ACTIVITIES





- एम0ए0 शिक्षाशास्त्र के छात्र–छात्राओं द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के लिए कुशमौरा, धलुआपुर गाँव काकोरी का भ्रमण किया गया। (06 अगस्त 2022)
- शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 08.08.2022 को एम0ए0 द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों को अमीरूद्दौला पब्लिक लाइब्रेरी लखनऊ में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।
- राष्ट्रीय खेल दिवस (29अगस्त 2022) के अवसर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिनमें कुल 28 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बी0ए0 द्वितीय वर्ष के रितेश रहे। इसी अवसर पर शिक्षकों के लिए चेस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।
- समाजशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 20. 08.2022 को एम0ए0 द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों को रेजीडेंसी लखनऊ में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।
- 5 सितम्बर 2022 को विभाग द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन से सम्बन्धित ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।
















## हिन्दी पखवाड़ा

कालीचरण महाविद्यालय में 'हिन्दी दिवस' के अवसर पर 'हिन्दी का विश्व व्यापी स्वरूप' विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें पद्श्री डॉ0 विद्या विन्दु सिंह जी मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप मे शामिल हुईं।

हिन्दी पखवाड़ा में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें निबन्ध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता और काव्य पाठ आदि का आयोजन किया गया।

